तेरी किरपा के चर्चे सुने मैंने श्याम,
आया मैं तेरे धाम,
देखो देखो दयालु,
देखो देखो दयालु मेरी ओर भी,
मेरी ओर भी,
तेरी किरपा के चर्चे सुने मैंने श्याम।।

तर्ज जिसके सपने हमें रोज।

मैं तो कबसे खड़ा तेरे दर पे प्रभु,
खाली दामन मेरा आज भर दे प्रभु,
तुम तो हारे के साथी कहाते हो श्याम,
तेरा दुनिया में नाम,
देखो देखो दयालु,
देखो देखो दयालु मेरी ओर भी,
मेरी ओर भी,
तेरी किरपा के चर्चे सुने मैंने श्याम।।

दर्द इतने मिले बोलो कैसे सहुँ,
तू ही कह दे भला जाके किससे कहूं,
तुम तो भक्तो के मन की सुनते हो श्याम,
आँखे पढ़ते हो श्याम,
देखो देखो दयालु,
देखो देखो दयालु मेरी ओर भी,
मेरी ओर भी,

तेरी किरपा के चर्चे सुने मैंने श्याम।।

नाम की लाज रखले तू सांवरे,
एक दुखिया के दुखड़े हर सांवरे,
हर्ष दिनों के दुखड़े हरते हो श्याम,
झोली भरते हो श्याम,
देखो देखो दयालु,
देखो देखो दयालु मेरी ओर भी,
मेरी ओर भी,
तेरी किरपा के चर्चे सुने मैंने श्याम।।

तेरी किरपा के चर्चे सुने मैंने श्याम,
आया मैं तेरे धाम,
देखो देखो दयालु,
देखो देखो दयालु मेरी ओर भी,
मेरी ओर भी,
तेरी किरपा के चर्चे सुने मैंने श्याम।।

Singer : Ravi Beriwal

Source:
https://www.bharattemples.com/teri-kirpa-ke-charche-sune-maine-shyam-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw